# बाल कल्याण और सहायता सुनिश्चित करना: मिशन वात्सल्य योजना

## प्रिलिम्स के लिये:

मिशन वात्सल्य, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, एकीकृत बाल संरक्षण योजना

## मेन्स के लिये:

मिशन वात्सल्य, सरकारी नीतियाँ एवं हस्तक्षेप, बच्चों से संबंधित मुद्दे

## चर्चा में क्यों?

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** द्वारा भारत में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये मिशन वात्सल्य शुरू किया गया है।

- **ग्राम स्तरीय बाल कल्याण और संरक्षण समिति (CW&PC)** उन बच्चों की पहचान करेगी जो कठिन परिस्थितियों में हैं, अनाथ हैं या सड़कों पर रह रहे हैं। इन बच्चों को **मिशन वात्सल्य योजना के तहत सुविधा प्रदान की जाएगी।**
- ये सुविधाएँ **बाल कल्याण समिति (CWC)** की सिफारिशों और प्रायोजन तथा **फोस्टर केयर अनुमोदन समिति (SFCAC)** से अनुमोदन के आधार पर प्रदान की जाएंगी।

## मिशन वात्सल्य:

- **ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य:**
  - **वर्ष 2009 से पूर्व: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने तीन योजनाएँ लागू कीं:**
    - देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों एवं कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के लिये किशोर न्याय कार्यक्रम।
    - सड़कों पर रहने वाले बच्चों के लिये एकीकृत कार्यक्रम।
    - बाल गृहों की सहायता हेतु योजना।
  - **वर्ष 2010:** इन योजनाओं का विलय एकीकृत बाल संरक्षण योजना में कर दिया गया।
  - **वर्ष 2017: बाल संरक्षण सेवा योजना** का नाम परिवर्तित किया गया।
  - **वर्ष 2021-22: मिशन वात्सल्य** के रूप में पुनः प्रस्तुत किया गया।
- **परिचय:**
  - भारत में बाल संरक्षण सेवाओं के लिये अम्ब्रेला योजना।
  - इसका लक्ष्य देश के प्रत्येक बच्चे के लिये एक स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना है।
  - **मिशन वात्सल्य के घटकों में शामिल हैं:**
    - वैधानिक निकायों की **कार्यप्रणाली में सुधार** करना।
    - **सेवा वितरण संरचनाओं को सुदृढ़** बनाना।
    - **संस्थागत देखभाल और सेवाओं को उन्नत** बनाना।
    - **गैर-संस्थागत समुदाय-आधारित देखभाल को प्रोत्साहित** करना।
    - **आपातकालीन सेवाओं तक पहुँच प्रदान** करना।
    - **प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण।**
- **उद्देश्य:**
  - बच्चों द्वारा **अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने** तथा सभी क्षेत्रों में उनके फलने-फूलने का अवसर सुनिश्चित करना।
  - बाल विकास के लिये **एक संवेदनशील, सहायक एवं समन्वित पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा** देना।
  - किशोर न्याय अधिनियम, 2015 को लागू करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की सहायता करना।
  - सतत विकास लक्ष्य (SDG) को प्राप्त करना।
- **बच्चों के लिये गैर-संस्थागत देखभाल के प्रकार:**
  - **आर्थिक संरक्षण:**
    - **सरकारी सहायता प्राप्त आर्थिक संरक्षण:** सरकारी निधि के माध्यम से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता।

        - **निजी सहायता प्राप्त आर्थिक संरक्षण:** निजी स्रोतों या व्यक्तियों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता।
    - **पालन-पोषण संबंधी देखभाल:**
        - बच्चे की **देखभाल एवं पुनर्वास की ज़िम्मेदारी** एक असंबंधित परिवार द्वारा ली जाती है।
        - बच्चे के **पालन-पोषण के लिये पालक माता-पिता को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।**
    - **दत्तक ग्रहण:**
        - ऐसे बच्चों के लिये उपयुक्त परिवार ढूँढना जो **कानूनी रूप से गोद लेने के लिये स्वतंत्र** हो।
        - **केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA)** गोद लेने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाता है।
    - **दत्तक ग्रहण पश्चात् देखभाल:**
        - 18 वर्ष की आयु होने पर **बाल देखभाल संस्थान** छोड़ने वाले बच्चों को **वित्तीय सहायता प्रदान** की जाती है।
        - यह समर्थन उन्हें **समाज में फिर से जुड़ने और आत्मनिर्भर बनने में मदद** करता है।
        - इस सहायता को **18 वर्ष से 21 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है, जिसे 23 वर्ष तक बढ़ाने की संभावना है।**

**नोट:** मिशन के तहत प्रदत्त **आर्थिक संरक्षण और पालन-पोषण कार्यक्रम को लागू करने एवं निगरानी के लिये** प्रत्येक ज़िले में एक **SFCAC** होगा।

## बाल कल्याण समितियाँ:

- **ज़रूरतमंद बच्चों की सुरक्षा और देखभाल के लिये प्रत्येक ज़िले या ज़िलों के समूह** में **राज्य सरकारों** द्वारा बाल कल्याण समितियों (CWC) का गठन किया जाता है।
- प्रत्येक CWC में **एक अध्यक्ष और चार सदस्य** होते हैं, जिनमें कम-से-कम **एक महिला तथा बच्चों से संबंधित मामलों का एक विशेषज्ञ** शामिल होता है।
- **किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015** के तहत प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम एक CWC की स्थापना करना अनिवार्य है।
- बाल कल्याण समिति (CWC) **किशोर न्याय अधिनियम/नियमों में परिभाषित कार्यों और भूमिकाओं** का पालन करती है।
- यह समिति मजिस्ट्रेटों की एक पीठ के रूप में कार्य करती है और इसके पास **बच्चों की देखभाल, सुरक्षा, उपचार, विकास और पुनर्वास से संबंधित मामलों का निपटान करने का अधिकार** है।
- मिशन वात्सल्य CWC की प्रभावी कार्यप्रणाली को स्थापित और सुनिश्चित करने के लिये राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को बुनियादी ढाँचा एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**स्रोत: पी.आई.बी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ensuring-child-welfare-and-support-mission-vatsalya-scheme